Regarding stoppage of Sealdah Express Train at Kathgodam

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): बहुत-बहुत शुक्रिया सर। सर, मैं अपनी कांस्टिट्यूएंसी के कांठ तहसील के बारे में बताना चाहता हूं। इस तहसील से नॉर्दन इंडिया में मेडिकल रुई और बैंडेजेस का पूरा बिजनेस होता है और सप्लाई होती है। व्यापारी लोग जम्मू बहुत जाते हैं। कोविड से पहले सियालदाह एक्सप्रेस नंबर 13152 और 13151 इस स्टेशन पर रुकती थी, लेकिन कोविड के बाद इसको रोक दिया गया है। यह ट्रेन जम्मू तवी तक जाती है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि इसको तुरंत चालू किया जाए, क्योंकि व्यापारियों को मुरादाबाद जंक्शन आने में बहुत प्रॉब्लम होती है। दूसरा, कांठ से ही अमरोहा जाने वाली रोड के ऊपर एक क्रॉसिंग है- 443 बी, जिसके ऊपर जाम लग जाता है और इतना बड़ा जाम लगता है कि हरिद्वार मार्ग भी बाधित हो जाता है। इसके ऊपर एक ओवर ब्रिज या अंडर पास बनाने की बहुत सख्त आवश्यकता है।